प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 11.11.2025**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**
**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि नई दिल्ली में कल शाम हुए कार विस्फोट मामले के षडयंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

2– अहमदाबाद में आज हुए इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को लगभग तैंतीस हजार करोड़ रूपये के निवेश के प्रस्ताव मिले।

3– बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में छह माओवादी मारे गए।

4– लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में "यूनिटी मार्च" का आयोजन किया गया।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>दिल्ली–कार विस्फोट घटना–01</u>**

नई दिल्ली में लालकिले के पास कल शाम हुए कार विस्फोट मामले में आठ लोगों की मौत हो गई है और कई अन्य लोग घायल हो गए हैं। भूटान के थिम्पू में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस भयावह घटना के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा और इसके ज़िम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

**दिल्ली में हुई भयाव्य घटना ने सभी के मन को व्यथित कर दिया है। मैं पीड़ित परिवारों का दुःख समझता हूं। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मैं कल रातभर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ, सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ, संपर्क में था। विचार–विमर्श चलता था जानकारी के तार जोड़े जा रहे थे। हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएगी इसके पीछे के षड्यंत्रकार्यों को बख्सा नहीं जाएगा।**

इस घटना पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुख व्यक्त करते हुए लोगों से शांति और संयम बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस कठिन घड़ी में देश के सभी नागरिक पीड़ित परिवारों के साथ हैं।

**<u>दिल्ली–कार विस्फोट–हाई अलर्ट</u>**

दिल्ली में हुई घटना के बाद छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लोगों से कहा है कि वे किसी भी तरह की जांच–पड़ताल के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

दुर्ग के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बताया कि रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित प्रमुख बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है।

**इन्वेस्टर कनेक्ट**

अहमदाबाद में आज इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ को लगभग तैंतीस हजार करोड़ रूपये के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने देश के शीर्ष उद्योगपतियों और बिजनेस लीडर्स से राज्य में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि गुजरात और छत्तीसगढ़ मिलकर विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**माओवादी मुठभेड़**

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में छह माओवादी मारे गए हैं। यह मुठभेड़ बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में आज सुबह से चल रही है। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेन्द्र यादव ने बताया कि इस इलाके में माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद दंतेवाड़ा और बीजापुर की डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी तथा स्पेशल टास्क फोर्स–एसटीएफ की संयुक्त टीम को सर्च ऑपरेशन पर रवाना किया गया। आज सुबह से नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रूक–रूककर फायरिंग हो रही है। अब तक घटनास्थल से छह माओवादियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। इसके अलावा मौके से माओवादियों के ऑटोमेटिक हथियार, स्टेन गन, इंसास रायफल सहित अन्य हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई है।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न सुरक्षा बलों तथा पुलिस की अतिरिक्त टीमें भेजी गई हैं, ताकि मौके से फरार माओवादियों की घेराबंदी की जा सके। यह ऑपरेशन अभी जारी है।

बीजापुर जिले के तारलागुड़ क्षेत्र के अन्नाराम के जंगलों में भी सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच एक अन्य मुठभेड़ चल रही है। इस मुठभेड़ में एक माओवादी घायल हुआ है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार माओवादी से पूछताछ की जा रही है।

उधर, गरियाबंद जिले में मैनपुर थाना क्षेत्र के पास दर्रीपारा के जंगल में भी पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। जानकारी के अनुसार सेम्हरा के पहाड़ में पहले से मौजूद माओवादियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई के बाद माओवादी जंगल की ओर भाग गए। तलाशी के दौरान जवानों ने माओवादी सामग्री बरामद की है। इलाके में गश्त बढ़ा दी गई है। जिले के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने माओवादियों से आत्मसमर्पण करने की अपील की है।

**बिलासपुर–यूनिटी मार्च**

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में "यूनिटी मार्च" का आयोजन किया गया। बिलासपुर शहर में आयोजित यूनिटी मार्च में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत तिफरा स्थित मां काली मंदिर परिसर से हुई, जहां केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने हरी झंडी दिखाकर यूनिटी मार्च का शुभारंभ किया। यूनिटी मार्च हस्ताक्षर अभियान में अतिथियों सहित सैकड़ों लोगों ने अपने हस्ताक्षर किए और लौह पुरूष का स्मरण किया। इस यूनिटी मार्च में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

**विजय शर्मा–पूवर्ती गांव**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कल सुकमा जिले के पूवर्ती गांव पहुंचे, जहां उन्होंने जनचौपाल लगाई। इस चौपाल में अन्य ग्रामीणों के साथ ही नक्सल लीडर माड़वी हिड़मा और बारसे देवा के परिजन भी शामिल हुए। जनचौपाल के दौरान उपमुख्यमंत्री ने माओवादियों से समाज की मुख्यधारा में वापस लौटने की अपील की।

वहीं, उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पूवर्ती गांव में स्थापित एक सौ पचासवीं बटालियन के कैंप में जाकर नक्सल मोर्चे पर कार्य कर रहे केंद्रीय सशस्त्र बलों और पुलिस के जवानों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया।

**<u>बस्तर ओलंपिक–जिला स्तरीय प्रतियोगिता</u>**

बस्तर ओलंपिक के तहत कल से जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं शुरू होंगी, जो पंद्रह नवंबर तक चलेंगी। इस दौरान तीरंदाजी, एथलेटिक्स, कराते, वेटलिफ्टिंग, खो–खो, रस्साकसी, व्हॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन और फुटबॉल जैसे खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कल पहले दिन कोंडागांव जिले में चौदह से सत्रह वर्ष आयु वर्ग में बालिकाओं की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। वहीं, दूसरे दिन तेरह नवंबर को सत्रह वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिला और चौदह नवंबर को सत्रह वर्ष से अधिक आयु वर्ग में पुरूषों के बीच खेल प्रतियोगिताएं होंगी। इसी प्रकार, पंद्रह नवंबर को चौदह से सत्रह वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

**<u>हाईकोर्ट–खराब सड़क</u>**

बिलासपुर शहर की खराब सड़कों के मामले में सुनवाई करते हुए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने राज्य शासन द्वारा शपथ पत्र पेश नहीं करने पर नाराजगी जताई है। साथ ही एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने शासन से सड़क से संबंधित चल रहे कार्य की स्थिति और प्रगति पर एक बार फिर जवाब पेश करने को कहा है।

**<u>नार्थ अमेरिका–नाचा</u>**

उत्तरी अमेरिका में रह रहे प्रवासी छत्तीसगढ़ियों के संगठन नार्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन–नाचा ने अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय दूतावास में छत्तीसगढ़ राज्य का स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और लोककला की झलक देखने को मिली। नाचा के सदस्यों ने बताया कि उनका उद्देश्य छत्तीसगढ़ की संस्कृति, भाषा और लोक परंपरा को विश्व के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचाना है।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

**<u>और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...</u>**

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में चौदह नवंबर को मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।

– लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में कल गुजरात के केवड़िया में भारत पर्व का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए।

– केंद्रीय सहकारिता विभाग की संयुक्त संचालक रेणु शेखावत ने आज नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक में प्रदेश में संचालित "सहकार से समृद्धि" कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के बाद श्रीमती शेखावत ने दुर्ग जिले में विभिन्न सहकारी समितियों और केंद्रों का भी निरीक्षण किया।

– रायगढ़ कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज दो साहसी बच्चों – राकेश मिंज और आर्यन खेस से भेंट कर उनके अदम्य साहस की सराहना की। इन दोनों बच्चों ने अपने साहस और सूझबूझ से पांच वर्षीय बालक दादू मिंज को नाले के बहते पानी में डूबने से बचाकर उसकी जान बचाई थी।

– महासमुंद जिले के बसना थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो अन्तर्राज्जीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से साठ किलो गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब बारह लाख रूपये बताई जा रही है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>